भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4340
उत्तर देने की तारीख 18 मार्च, 2026

अम्बेडकर नगर में डाकघर और सेवा केन्द्र

4340. श्री लालजी वर्मा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अम्बेडकर नगर जिले में वर्तमान में डाक विभाग के कुल कितने डाकघर और सेवा केन्द्र कार्य कर रहे हैं;

(ख) जिले के भीटी, जलालपुर, टांडा और अकबरपुर जैसे ग्रामीण विकास खंडों में मोबाइल संचार और इंटरनेट सुविधाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या अम्बेडकर नगर जिले को भारतनेट परियोजना के दूसरे चरण अथवा पांचवी पीढ़ी (5जी) की दूरसंचार सेवा विस्तार योजना में शामिल किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत दो वर्षों के दौरान दूरसंचार सेवाओं की खराब गुणवत्ता अथवा डाक वितरण में विलंब के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उनके निवारण के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) अम्बेडकर नगर जिले में 322 डाकघर कार्यरत हैं और डाक विभाग का कोई सेवा केंद्र प्रचालनरत नहीं है।

(ख) आज की तिथि के अनुसार, अम्बेडकर नगर जिले के 9 ब्लॉकों में मोबाइल कवरेज और इंटरनेट की स्थिति संबंधी विवरण निम्नवत है :

क्र. सं.	ब्लॉक	गाँव	कम से कम एक टीएसपी द्वारा 2जी से कवर्ड गाँव	कम से कम एक टीएसपी द्वारा 4जी से कवर्ड गाँव	कम से कम एक टीएसपी द्वारा 5जी से कवर्ड गाँव	मोबाइल इंटरनेट की उपलब्धता (4जी के साथ)
1.	अकबरपुर	199	199	199	171	199
2.	बसखारी	130	130	130	107	130
3.	भीटी	179	179	179	134	179
4.	भियावां	143	143	143	112	143
5.	जहांगीर गंज	266	266	266	257	266
6.	जलालपुर	160	160	160	119	160
7.	कटेहरी	186	186	186	169	186
8.	राम नगर	205	205	205	163	205
9.	टांडा	271	271	271	250	271
	कुल	**1,739**	**1,739**	**1,739**	**1,482**	**1,739**

(ग) अम्बेडकर नगर को भारत नेट परियोजना के द्वितीय चरण में शामिल किया गया है। अम्बेडकर नगर में, ग्राम पंचायतों/ब्लॉक मुख्यालयों को इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बीएचक्यू (ब्लॉक मुख्यालयों) सहित कुल 929 ग्राम पंचायतों में से 818 ग्राम पंचायतों (ब्लॉक मुख्यालयों सहित) को भारत नेट चरण-I व चरण-II परियोजनाओं के तहत ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया है। इसका विवरण निम्नवत है :

क्र. सं.	ब्लॉक	जीपी की संख्या (बीएचक्यू सहित)	चरण-I के तहत फाइबर से कनेक्ट किए गए जीपी (बीएचक्यू सहित) की संख्या	चरण-II के तहत फाइबर से कनेक्ट किए गए जीपी (बीएचक्यू सहित) की संख्या	फाइबर से कनेक्ट किए गए जीपी (बीएचक्यू सहित)
1.	अकबरपुर	137	0	137	137
2.	बसखारी	71	0	71	71
3.	भीटी	93	80	0	80
4.	भियावां	84	76	0	76
5.	जहांगीर गंज	102	88	0	88
6.	जलालपुर	121	99	0	99
7.	कटेहरी	98	86	0	86
8.	राम नगर	104	86	0	86
9.	टांडा	119	95	0	95
	कुल	**929**	**610**	**208**	**818**

(घ) (i) केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) पोर्टल के अनुसार, पिछले दो वित्तीय वर्षों में दूरसंचार सेवाओं की खराब गुणवत्ता के संबंध में प्राप्त शिकायतों की कुल संख्या का विवरण निम्नवत है :

अवधि (वित्तीय वर्ष)	**प्राप्त**	**निस्तारित**
वर्ष 2024-25	25,342	25,342
वर्ष 2025-26 (फरवरी, 2026 तक)	50,797	50,466

इन शिकायतों में से अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश के संबंध में पिछले दो वर्षों में प्राप्त शिकायतों की संख्या का विवरण निम्नवत है :

अवधि (वित्तीय वर्ष)	**प्राप्त**	**निस्तारित**
वर्ष 2024-25	23	23
वर्ष 2025-26 (फरवरी, 2026 तक)	38	38

(ii) पिछले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश, अम्बेडकर नगर में डाक सेवाओं में विलंब के संबंध में विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर प्राप्त शिकायतों की संख्या का विवरण निम्नवत है :

मैनुअल शिकायतें	सीपीजीआरएएमएस पर प्राप्त शिकायतें	सीआरएम पर प्राप्त शिकायतें
239	227	1,273

शिकायत निवारण प्रक्रिया में, विभिन्न पोर्टलों [जैसे सीपीजीआरएएमएस, एनसीएच, जीआरएम, और सोशल मीडिया (X)] के माध्यम से शिकायतों का पंजीकरण तथा तत्पश्चात उनकी जाँच एवं कार्रवाई हेतु संबंधित कार्यालयों/सब-डिविजनों को अग्रेषित करना शामिल है, जिसमें 7-15 दिन का समय लगता है। की जाने वाली कार्रवाई में जाँच, समाधान, अथवा समाधान से असंतुष्ट होने की स्थिति में अपील करने के विकल्प के साथ औपचारिक उत्तर प्रेषित किया जाना शामिल है। शिकायतकर्ता के पास अपील को उच्चतर प्राधिकारियों अथवा विधिक प्राधिकरणों के समक्ष ले जाने का विकल्प भी मौजूद है। सर्कल/क्षेत्र/डिविजन स्तर पर शिकायत मॉनीटरिंग समूहों का गठन किया गया है। शिकायत किसी भी पोर्टल यथा सीपीजीआरएएमएस, सीआरएम आदि के माध्यम से दर्ज की जा सकती है।

*****